**भारत सरकार**
**संस्कृति मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1727**
**उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 02 मार्च, 2020**
**12 फाल्गुन, 1941 (शक)**

**दिव्यांगों की विरासत स्थलों तक पहुंच**

**1727. श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर:**

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में 38 यूनेस्को विश्व विरासत स्थल हैं जिनमें से 30 सांस्कृतिक स्थल हैं, 07 प्राकृतिक स्थल हैं और एक (01) मिश्रित स्थल है जो भारत को विश्व धरोहर स्थल बनाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार इन विरासत स्थलों को दिव्यांगों के लिए सुगम बनाने पर विचार कर रही है जिस से यात्रा और पर्यटन प्रतिस्पर्धात्मक सूचकांक (टीटीसीआई) के आगामी संस्करणों में भारत का रैंक और ऊपर उठेगा और देश दक्षिण एशियाई क्षेत्र में योजना और कार्यान्वियन की सुगमता के मामले में अग्रणी मॉडल के रूप में स्थापित होगा;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;
(घ) क्या सरकार का दिव्यांगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग कला दीर्घाओं या खंड बनाने के बजाय वर्तमान संग्रहालयों और कला दीर्घाओं में बुनियादी ढांचे में सुधार करने का विचार है; और
(ड.) दिव्यांगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए समावेशी सांस्कृतिक स्थलों, प्रौद्योगिकियों और अधिगम कार्यक्रमों को विकसित करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं?

**उत्तर**
**संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क): जी, हां। भारत में 38 यूनेस्को विश्‍व विरासत स्थल हैं, जिनमें से 30 सांस्कृतिक स्थल हैं, 07 प्राकृतिक हैं और 01 मिश्रित स्थल है। विश्‍व विरासत स्थलों की सूची अनुबंध-। पर संलग्न है।
(ख) और (ग): जी, हां। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन अधिकतर विश्‍व विरासत स्थलों को दिव्यांगों के लिए सुगम बनाने हेतु व्हील चेयर, रैंप, ब्रेल, सांस्कृतिक सूचना पट्ट आदि उपलब्ध कराए गए हैं।
(घ) और (ड.): संग्रहालयों तथा कला दीर्घाओं में दिव्यांगों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए व्हील चेयर, रैंप, संकेतक तथा ब्रेल लिपि में ब्रोशर्स उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय संग्रहालय, दिल्ली में टैक्टाइल/ब्रेल में 'अनुभूति' नामक एक विशेष अनुभाग बनाया गया है।

अनुबंध-।

लोक सभा में दिनांक 02.03.2020 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1727 के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध

भारत में विश्व विरासत स्थल (38)

सांस्कृतिक स्थल:

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षणाधीन (22)

| क्र .सं. | स्थल का नाम | राज्य |
|---|---|---|
| 1. | आगरा किला (1983) | उत्तर प्रदेश |
| 2. | अजन्ता गुफाएं (1983) | महाराष्ट्र |
| 3. | एलोरा गुफाएं (1983) | महाराष्ट्र |
| 4. | ताजमहल (1983) | उत्तर प्रदेश |
| 5. | स्मारक समूह, महाबलीपुरम (1984) | तमिलनाडु |
| 6. | सूर्य मंदिर, कोणार्क (1984) | ओडीशा |
| 7. | चर्च तथा कॉन्वेंट, गोवा (1986) | गोवा |
| 8. | फतेहपुर सीकरी (1986) | उत्तर प्रदेश |
| 9. | स्मारक समूह, हम्पी (1986) | कर्नाटक |
| 10 | मंदिर समूह, खजुराहो (1986) | मध्य प्रदेश |
| 11. | एलिफेंटा गुफाएं (1987) | महाराष्ट्र |
| 12. | तंजावुर, गंगईकोंडाचोलपुरम और दारासुरम में स्थित विशाल जीवित चोल मंदिर (1987 और 2004) | तमिलनाडु |
| 13. | स्मारक समूह, पट्टडकल (1987) | कर्नाटक |
| 14. | बौद्ध स्मारक, सांची (1989) | मध्य प्रदेश |
| 15. | हुमायूं का मकबरा, दिल्ली (1993) | दिल्ली |
| 16. | कुतुब मीनार और इसके स्मारक दिल्ली (1993) | दिल्ली |
| 17. | शैलाश्रय, भीमबेटका (2003) | मध्य प्रदेश |
| 18. | चम्पानेर - पावागढ़ पुरातत्वीय उद्यान (2004) | गुजरात |
| 19. | लाल किला परिसर, दिल्ली (2007) | दिल्ली |
| 20. | राजस्थान के पहाड़ी किले (चित्तौड़गढ़, कुम्भलगढ़, जैसलमेर तथा रणथम्भौर, आमेर और गगरौन किले) (2013) (आमेर और गगरौन किले राजस्थान राज्य पुरातत्व और संग्रहालय के संरक्षणाधीन हैं|) | राजस्थान |
| 21. | रानी-की-वाव पाटन (2014) | गुजरात |
| 22. | नालंदा महाविहार के पुरातत्वीय स्थल (नालंदा विश्वविद्यालय) (2016) | बिहार |

रेल मंत्रालय के संरक्षणाधीन (2)

| | | |
|---|---|---|
| 23. | भारत का पर्वतीय रेलवे (दार्जिलिंग, 1999), नीलगिरि (2005), कालका -शिमला (2008) | पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश |

| | | |
|---|---|---|
| 24. | छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (पूर्व विक्टोरिया टर्मिनस), (2004) | महाराष्ट्र |

**बोधगया मंदिर प्रबंधक समिति के संरक्षणाधीन (1)**

| | | |
|---|---|---|
| 25. | महाबोधि मंदिर परिसर, बोधगया (2002) | बिहार |

**राजस्थान राज्य पुरातत्व और संग्रहालय के संरक्षणाधीन (1)**

| | | |
|---|---|---|
| 26. | जन्तर मन्तर, जयपुर (2010) | राजस्थान |

**चंडीगढ़ प्रशासन के संरक्षणाधीन (1)**

| | | |
|---|---|---|
| 27. | ली कार्बुसियर का वास्तुविद्दीय कार्य, आधुनिक आंदोलन में उत्कृष्ट योगदान (2016) | चंडीगढ़ |

**अहमदाबाद नगर निगम के संरक्षणाधीन (1)**

| | | |
|---|---|---|
| 28. | ऐतिहासिक शहर अहमदाबाद (2017) | गुजरात |

**बंबई नगर निगम के संरक्षणाधीन (1)**

| | | |
|---|---|---|
| 29. | विक्टोरियन एंड आर्ट डेको एन्सेम्बल ऑफ मुंबई (2018) | महाराष्ट्र सरकार |

**जयपुर नगर निगम के संरक्षणाधीन (1)**

| | | |
|---|---|---|
| 30. | जयपुर शहर, राजस्थान (2019) | राजस्थान सरकार |

**प्राकृतिक स्थल (7)**

**पर्यावरण , वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संरक्षणाधीन**

| | | |
|---|---|---|
| 31. | काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (1985) | असम |
| 32. | केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (1985) | राजस्थान |
| 33. | मानस जंगली जीव अभ्यारण्य (1985) | असम |
| 34 . | सुन्दरवन राष्ट्रीय उद्यान (1987) | पश्चिम बंगाल |
| 35 . | नन्दादेवी और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान (1988, 2005) | उत्तराखण्ड |
| 36 . | पश्चिमी घाट (2012) | कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु |
| 37 . | वृहत हिमालयी राष्ट्रीय पार्क, (2014) | हिमाचल प्रदेश |

**मिश्रित स्थल (1)**

**पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संरक्षणाधीन**

| | | |
|---|---|---|
| 38. | कंचनजंगा राष्ट्रीय पार्क (2016) | सिक्किम |